<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

आचार्य महाप्रज्ञ चातुर्मास व्यवस्था समिति

सरदारशहर 331 401

Email : terapanthpr@gmail.com * Fax : 01564-220 233

आचार्य महाश्रमण करेंगे बीकानेर चौखले की तुफानी यात्रा

<u>सरदारशहर 16 जून, 2010</u>

आचार्य महाश्रमण सरदारशहर चातुर्मास की सम्पन्नता के बाद नवम्बर में बीकानेर चौखले की तूफानी यात्रा करेंगे। वे मात्र 43 दिनों की यात्रा में श्रीडूंगरगढ़, कालू, लूणकरण, उदासर, बीकानेर, गंगाशहर, भीनासर, उदरामसर, देशनोक, नोखा, बीदासर सहित अनेक कस्बों को प्रवास प्रदान करेंगे। 300 किलोमीटर की इस तूफानी यात्रा की घोषणा करते हुए आचार्य महाश्रमण ने कहा कि मेरी इच्छा है केलवा यात्रा से पहले सभी वृद्ध साधु-साध्वियों से मिलना हो जाये। गंगाशहर श्रद्धा का क्षेत्र है, पूर्व में वहां 2012 का मर्यादा महोत्सव होने वाला था। अब वह महोत्सव आमेट को मिल चुका है, पर वहां जाना भी उचित लगता है इसलिए द्रव्य, क्षेत्र, काल भाव को अनुकूलता रहने पर चातुर्मास के पश्चात बीकानेर चौखले का स्पर्श करने का भाव है। उन्होंने यह भी कहा कि गंगाशहर-बीकानेर की यात्रा करते हुए जनवरी 2011 के प्रथम सप्ताह में रतनगढ़ में प्रवेश करने का भाव है त्र, काल भाव को अनुकूलता रहने पर चातुर्मास के पश्चात बीकानेर चौखले का स्पर्श करने का भाव है। उन्होंने यह भी कहा कि गंगाशहर-बीकानेर की यात्रा करते हुए जनवरी 2011 के प्रथम सप्ताह में रतनगढ़ में प्रवेश करने का भाव है।

इससे पूर्व साध्वीप्रमुखा कनकप्रभा ने गंगाशहर स्थि आचार्य तुलसी समाधि स्थल नैतिकता का शक्तिपीठ के कारण आचार्य महाप्रज्ञ का गंगाशहर के प्रति रहे आकर्षण का जिक्र करते हुए वहां पधारने की जरूरत बताई। उन्होंने गंगाशहर के पुराने श्रावकों की धर्मसंघ को मिली सेवाओं का भी उल्लेख किया एवं वर्तमान में आई सुसुप्ति को तोड़ने के लिए वहां पधारना आवश्यक बताया। समणी नियोजिका समणी मधुरप्रज्ञा ने भी पधारने की अर्ज की। गंगाशहर के वरिष्ठ श्रावक दुलीचन्द चौपड़ा, प्रो. सुमेरमल जैन, तेयुप अध्यक्ष किशन बैद आदि ने भावपूर्ण अर्ज प्रस्तुत की। संचालन पारसमल पारख ने किया।

शीतल बरड़िया

(मीडिया संयोजक)